**Shri S. C. Samanta:** I introduce the Bill.

---

15.30 hrs.

CONSTITUTION (AMENDMENT) BILL*

(*Amendment of Article 239A*)
by Shri Naval Prabhakar

**श्री नवल प्रभाकर** (दिल्ली-करौल बाग): सभापति महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि भारत के संविधान में आगे संशोधन करने वाले विधेयक को पेश करने की मुझे अनुमति दी जाए ।

**सभापति महोदय** : प्रश्न यह है कि :

"भारत के संविधान में आगे संशोधन करने वाले विधेयक को पेश करने की अनुमति दी जाए" ।

*The motion was adopted.*

**श्री नवल प्रभाकर** : मैं विधेयक को पेश करता हूं ।

---

15.31 hrs.

CONSTITUTION (AMENDMENT) BILL—*contd.*

(*Omission of articles 152, 370, etc.*)
by Shri Prakash Vir Shastri

**Mr. Chairman:** As regards Shri Pakash Vir Shastri's Bill, the time at our disposal is only 36 minutes.

**Some hon. Members:** The time may be extended.

**श्री सिद्धेश्वर प्रसाद** (नालंदा) : मैं प्रस्ताव करता हूं कि इस के लिए समय दो घंटे का बढ़ा दिया जाए ।

**श्री काशी राम गुप्त** (अलवर) : मैं इस प्रस्ताव का अनुमोदन करता हूं ।

**श्री प्रकाशवीर शास्त्री** (बिजनौर) : इस पर समय तो बढ़ना ही चाहिये क्योंकि बहुत से माननीय सदस्य बोलना चाहते हैं ।

**श्री इन्द्रजीत लाल मलहोत्रा** (जम्मू तथा काश्मीर) : पौने छः बजे तक बढ़ा दिया जाए ।

**श्री यशपाल सिंह** (कैराना) : जी हां, पौने छः बजे तक समय बढ़ा दिया जाए ।

**सभापति महोदय** : प्रश्न यह है कि :

"इस बिल के लिए समय पौने छः बजे तक बढ़ा दिया जाए" ।

Let me take the sense of the House.

**Shri Hari Vishnu Kamath** (Hoshangabad): I support this move. But, I would only request that sufficient time be allowed for me, at least one minute, so that I can move the Bill standing in my name.

**Mr. Chairman:** I shall allow time till 5.45 hours. Last time Shri Bhagwat Jha Azad raised a point of order referring to para 2 of what Mr. Mukerjee had spoken. In this, I find that there is no point of order since there is nothing objectionable in what he had stated there. Therefore, Mr. Mukerjee will just continue his speech.

**Shri H. N. Mukrejee** (Calcutta Central): Mr. Chairman, Sir, as I said last time, it is a pity that the mover has spoken sharply against the Tashkent Declaration and said in his speech that we should act as if it was a dead letter. This kind of a thing is exactly playing in to the hands of those either in Pakistan or elsewhere who wish ill by our country. In spite of some provocations from Pakistani rulers, we should see that nothing is said at a time in responsible circles and in this House, which is certainly a very responsible forum, which goes against the Tashkent spirit. It is a pity that the mover has spoken about the Sadiq

---

*Published in Gazette of India Extraordinary, Part II, section 2, Dated 1st April, 1966.

[Shri H. N. Mukerjee]

Government in a manner which, I fear, was unworthy. It is that Government standing at the head of the people of Kashmir which bore the brunt of all the trouble last year.

As far as strategic area was concerned, Shri Prakash Vir Shastri chose to forget it; at least this House must not forget it. As I said before, if from the Government of Shri Sadiq we had some information before this House that they wanted, in conformity with the wishes of the people of Kashmir, to have abrogation of article 370, I would have understood the idea or the need for doing away with all the special provisions which are there in the Constitution in regard to Kashmir. I could have also understood if the Sadiq Government had reported to that effect that it is no longer necessary for Jammu and Kashmir State to be in a special category as a constitutent State of the Indian Union. When that kind of a suggestion has not come from the reliable sources, I fear that such a step as suggested by Shri Shastri would be precipitous and also rather dangerous.

As I said last time, it is no good our country merely taking certain theoretical attitude about certain things. It is no good pushing away certain facts which may be unpleasant to us, but as long as there are facts, we cannot push them away. That is why I have ventured to say, and I repeat it to-day, that in regard to Kashmir we do say that there is a dispute from our point of view because there should not be any dispute. But we cannot get either Pakistan or the rest of the world agree to our view-point that there is no dispute. As far as our stand is concerned, there is no dispute (*Interruptions*).

**Mr. Chairman:** Is it for us to say that.

**Shri H. N. Mukerjee:** But, the world does not agree; Pakistan does not agree. We have to deal with the world and we have to deal with Pakistan; some of us may not like the whole idea. Whether we like it or not, the fact is this.

Then again, I would like to add that there is a big chunk of Jammu and Kashmir which is actually under the occupation of Pakistan over which our claim is unassailable in theory. But that is opposed by Pakistan. There is now this silver lining in the cloud that India and Pakistan have agreed at Tashkent and that we would not change the posture of things by taking recourse to military methods but only by negotiations among ourselves. It would be by bilateral discussions between ourselves without intervention of busy bodies like the U.N. or anybody else. This is the only civilised way of doing things—the only way also which is consistent with the interests of our country.

Last time, I had also referred to certain remarks of the late Shri Jawaharlal Nehru which he had made in the Parliament in April, 1956 on this issue. Surely Shri Bhagwat Jha Azad would not have said that since Shri Jawaharlal Nehru had taken the oath to the Constitution it was completely out of order for him to suggest this. But, he had suggested and I am quoting his words:

> "I am willing to accept that the question of the part of Kashmir which under you, i.e., Pakistan, shall be settled by demarcating the border on the basis of the present cease-fire line. We have no desire to take it by fighting."

This is the idea that he had put forth. Now that suggestion failed. But, my point is, with all honour to Shri Jawaharlal Nehru, that he had tried even in those conditions to have a settlement on an honourable basis if only Pakistan would see reason—now, Shri Jawaharlal Nehru, in 1956, had made that magnificent gesture, but Pakistan did not reciprocate—can't

we, in more propitious circumstances to-day, in view of the Tashkent agreement, though it is under fire from certain quarters, particularly from Pakistani quarters and some other State which patronises Pakistan, suggest the same thing? Generally speaking, the international atmosphere has improved to a certain extent at least in so far as Indo-Pakistan relations are concerned. Could we not now take the initiative again, on the suggestion put forth by Shri Jawaharlal Nehru in 1956? I am not saying that the same suggestion is to be made. But, the initiative has to be taken by India. There comes a time in the affairs of men which, taken at the flood, leads on to fortune. But if we omit that opportunity, maybe opportunities do not come back again.

Let us not stand on purely legal ceremony. Let us not be repeatedly stressing our abstract position. Let us say, if a setlement with honour is envisaged, we are ready for it. Let us go further and say that all necessary initiatives in this regard would be adopted by us. We know that Pakistan recurringly shows an adamant attitude, but that should not deflects us from the path which duty and self-interest require us to follow.

I conclude by saying that mere reiteration of our position on Kashmir will not help. Do we wish only to rub Pakistan the wrong way and also lose in the bargain the sympathy of the world by our abstract posture? Let us not accept this Bill because it does not help at all, but hinders the solution of the problem of Kashmir, the solution of the problem of Indo-Pakistan relations, the solution of the problem of peace in our part of the world. Therefore, for legalistic reasons only because we all wish that Jammu and Kashmir becomes part of India in the same way as any other unit of the Indian Union, only because of that, we should not go a little too far, forgetting certain facts which are there: Let us not do anything which will not help, but will hinder the solution of the problems which face our two countries as well as the problem of peace in our part of the world.

श्री विश्वनाथ पांडेय (सलेमपुर) : श्री प्रकाशवीर शास्त्री ने संविधान का संशोधन करने के लिये जो विधेयक प्रस्तुत किया है वह किस वातावरण में किया और किस परिस्थिति में किया है, उस का विस्तृत जिक्र उन्होंने 18 मार्च को किया था। उन्होंने बड़ी दृढ़ता के साथ सदन के सामने प्रस्तुत किया कि ताशकन्द समझौते के बाद यह और भी आवश्यक हो जाता है कि संविधान के अन्दर जो इस प्रकार की विभिन्नता है जम्मू और काश्मीर तथा दूसरे प्रान्तों में, उस को हटा दिया जाये। संविधान का जो 370 अनुच्छेद है उस पर उन्होंने अधिक जोर दिया है। लेकिन जो जो अनुच्छेद जम्मू और काश्मीर के सम्बन्ध में हैं उन के बारे में उन्हों ने कहा है कि उन को हटा दिया जाये। मैं अपने विचारों को अनुच्छेद 370 तक ही सीमित रक्खूंगा।

जब हमारे संविधान निर्माताओं ने अनुच्छेद 370 को बनाया जम्मू और काश्मीर के सम्बन्ध में तब उन्हों ने उस के लिये अस्थायी अथवा टेम्पोरेरी शब्द का प्रयोग किया। वह इस बात को महसूस करते थे कि जब समय आयेगा तब इस को हटा दिया जायेगा। इस सदन में भी और जम्मू और काश्मीर में भी कई बार यह कहा जा चुका है, और ऐसा है भी, कि जम्मू और काश्मीर भारत का एक अविभाज्य अंग है, और जिस तरीके से और प्रान्त भारत के हैं उसी तरीके से जम्मू और काश्मीर भी है। इसी कारण से जब पाकिस्तान ने काश्मीर पर हमला किया तो सारे देश के नर नारियों ने धन से, बल से, और जन से उस का मुकाबला किया और काश्मीर के लोगों ने भी मुकाबला किया। इसे देखते हुए यह आश्चर्य की बात है कि क्यों इस तरीके की विभिन्नता अब भी जम्मू और काश्मीर के सम्बन्ध में है। जम्मू और

[श्री विश्वनाथ पांडेय]

काश्मीर के विकास की, उस की रक्षा की और उद्योगों की, हर एक चीज की जिम्मेदारी केन्द्रीय सरकार के ऊपर उसी प्रकार है जिस प्रकार और प्रान्तों के सम्बन्ध में है। इसलिये अब यह समय आ गया है कि इस अनुच्छेद को हटा दिया जाये और जिस तरीके से और प्रान्तों के साथ है उसी प्रकार कानूनी दृष्टिकोण से काश्मीर को भी भारत का अंग बना लिया जाये। क्योंकि अगर ऐसा नहीं किया जायेगा तो उस के सम्बन्ध में विदेशों में, पाकिस्तान में और चाइना के अन्दर तरह तरह की बातें उठेंगी और उठ भी रही हैं। जब यह हो जायेगा तो जो काश्मीर का अंग पाकिस्तान के अन्तर्गत है और जिस अंग को पाकिस्तान ने चाइना के साथ समझौता कर के उसे दे दिया है, उस का मसला भी हल हो जायेगा।

केन्द्रीय सरकार काश्मीर के सम्बन्ध में भी सारी जिम्मेदारी अपने ऊपर ले ले जैसे कि वह और प्रान्तों के सम्बन्ध में लिये हुए हैं।

मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं और मंत्री महोदय से आग्रह करता हूं कि वे इसे स्वीकार कर लें। लेकिन साथ ही साथ यह कहना चाहता हूं कि मैंने जो संशोधन पेश किया है वह इसलिये किया है कि इस पर मत गणना भी ले लिया जाये। अगर मत गणना ले ली जाये तो मैं समझता हूं कि इस सदन में ही नहीं, सदन के बाहर भी जो लोग हैं वह एक मत से इस का समर्थन करेंगे कि जल्दी से जल्दी जो असमानता इस अनुच्छेद 370 के अन्तर्गत है वह समाप्त कर दी जाये।

इन शब्दों के साथ श्री प्रकाशवीर शास्त्री का जो विधेयक है मैं उस का समर्थन करता हूं।

श्री नरेन्द्र सिंह महीडा (आनन्द) : सभापति जी, श्री प्रकाशवीर शास्त्री ने प्रथम बार भी इस विधेयक को ला कर काश्मीर और सम्पूर्ण भारत की जनता की अच्छी सेवा की थी। दूसरी बार फिर यह विधेयक ला कर काश्मीर की प्रजा और भारत की जनता को नजदीक लाने के लिये जो कोशिश उन्होंने की है, उस के लिये मैं उन को बधाई देता हूं।

हम ने देखा है कि जो काश्मीर के सद्रे रियासत थे वह अब गवर्नर हो गये हैं, जो वहां के प्राइम मिनिस्टर थे वह चीफ मिनिस्टर हो गये हैं, लेकिन फिर भी काश्मीर का जो झंडा ह वह हमारे भारत के राष्ट्रीय झंडे से अलग ही है

एक माननीय सदस्य : दोनों हैं।

श्री नरेन्द्र सिंह महीडा : आज वहां पर काश्मीर का भी झंडा है और भारतीय झंडा भी उड़ रहा है।

एक माननीय सदस्य : भारतीय झंडा ऊंचा है।

श्री नरेन्द्र सिंह महीडा : फिर भी काश्मीर का अलग झंडा तो है ही। जब तक वह झंडा वहां रहेगा हम नहीं मान सकेंगे कि काश्मीर और भारत की भूमि एक में मिल गई हैं।

मुझे ताज्जब होता है कि आज कोई भी जायदाद चाहे बंगाल में हो, चाहे महाराष्ट्र में हो, चाहे बम्बई में हो उसे तो हम वहां जा कर खरीद सकते हैं, लेकिन काश्मीर कोई भी जमीन हम लोग नहीं ले सकते। यह बड़ी बेहूदा बात है, भले ही काश्मीर का मिलन हमारे साथ हासिल हुआ हो,

लेकिन हम वहां कोई जमीन नहीं खरीद सकते ।

आप यह भी खयाल कीजिये कि आज काश्मीर में जो उद्योग बढ़ नहीं रहे हैं उस के पीछे यह कारण है कि हमारा जो व्यापारी वर्ग है वह वहां जा कर बस नहीं सकता है, वहां व्यापार नहीं खोल सकता है । काश्मीर की जनता काफी पीछे रही है इस मामले में लेकिन मैं यह भी मानता हूं कि हमारे व्यापारी लोग काफी शंका रखते हैं इस सम्बन्ध में और अपने उद्योग वहां नहीं खोलना चाहते । विदेशी लोग भी यह कहते रहे हैं कि हम ने पहली बार सुना इस बात को कि काश्मीर "नेगोशिएबल" नहीं है । अभी तक काश्मीर नेगोशिएबल था लेकिन हमारे श्री लाल बहादुर शास्त्री ने कहा कि काश्मीर इज नाट नेगोशिएबल । इस से उन लोगों में परिवर्तन आया है । हम वर्तमान स्थिति में परिवर्तन करना चाहते हैं और काश्मीर को भारत में पूरी तरह से मिलाना चाहते हैं यह विधेयक हम को यह मौका भी देता है । हम ने इस सदन में सुना है कि काश्मीर के जितने भी सदस्य हैं यहां पर वे भी सम्पूर्ण रूप से भारत के साथ हो जायें । इसलिये मैं मंत्री महोदय से प्रार्थना करना चाहता हूं कि अब किसी प्रकार का भेद न रक्खा जाये । आर्टिकल 370 वगैरह को हटा कर काश्मीर का मेल पूर्ण रूप से भारत के साथ कर देना चाहिये जिस से विदेशों में इस को ले कर शंका न रहे और भारत में भी कोई शंका न रहे । मैं इस अवसर पर कहना चाहता हूं कि अगर सरदार पटेल आज होते तो इस प्रकार की परिस्थिति न होती । हम जानते हैं कि हमारे जो होम मिनिस्टर साहब हैं, पहले भी उन्हों-ने कहा है कि यह बात सोची जाती है । हम मानते हैं कि जो शंका आज खड़ी हुई है और विदेशों में जो चर्चा होती है उस को खत्म करने के लिये हम श्री प्रकाशवीर शास्त्री के विधेयक को स्वीकार करें । मैं बड़ी नम्रता से गृह मंत्री महोदय से कहना चाहता हूं कि जब काश्मीर के लोग भी यह चाहते हैं, भारतवर्ष के लोग भी यह चाहते हैं तो मेरी समझ में नहीं आता कि होम मिनिस्टर साहब इसे क्यों नहीं स्वीकार करते हैं । मैं चाहता हूं कि इस विधयक को स्वीकार कर के हमारी जनता की जो इच्छा है उस को वह पूरा करें ।

मैं शास्त्री जी को भी इस के लिये धन्यवाद देता हूं ।

श्री समनानी (जम्मू तथा काश्मीर) : इस दफा 370 को हटाने के बारे में दूसरी दफा मोशन आया है । पहली दफा भी मैं ने इस दफा 370 को न हटाने की वजह जाननी चाही थी । बजाय इस के कि मैं कुछ कहूं कि इस में क्या जवाजियत है, मैं गवर्नमेंट से पूछना चाहता हूं कि इस में क्या जवा-जियत है कि जब एक तरफ बड़े जोर से बड़े बड़े ऐवानों में, हर जगह यह कहा जाता है कि काश्मीर हिन्दुस्तान का एक हिस्सा है तब दूसरी तरफ इस दफा को अपने आईन में रखने के लिए हुकूमत बजिद है । ऐसा क्यों है, मैं आज तक इसे समझ नहीं पाया । अगर दफा 370 और उस के साथ जो दूसरी दफायें हैं उन्हें पढ़ा जाये तो उस से साफ़ जाहिर हो जाता है कि इह सत्तरह अट्ठारह सालों में जो लोग इस सरहदी रियासत में खिलाफ मामूल हालात में रहते हैं और हिन्दुस्तान के साथ रहने का दम भरते आये हैं हम उन को आज तक धोखा देते रहे हैं ।

[श्री समनानी]

हम उन को आज तक धोखा देते रहे और आइन्दा उन को धोखा देना चाहते हैं । एक तरफ से आवाज आती है कि आज भी वे निगोशिएबिल हैं, आज भी इस पर सुलह हो सकती है । दूसरी तरफ अगर वहां कोई यह कहे कि इस के मुताल्लिक फैसला करो तो उन को जेल की कोठरियों में डाला जाता है । अगर गवर्नमेंट आफ इंडिया को यह सेक्शन रखने का हक है तो फिर हक दीजिए मिजो और नागालैंड की तरह काश्मीर वालों का कि वह भी लड़ाई पर उतरें । क्योंकि मुल्क का यह माहौल बन चुका है । मैं ने पिछले साल भी बजट सेशन में बोलते हुए यह कहा था और उस वक्त साफ लफ्जों में कहा था कि वह लावा जो काश्मीर में उमड़ा है कल जब फटेगा तो आप से संभाला नहीं जायेगा । उस का छोटा सा नमूना सितम्बर में आप ने देखा । वह लावा वहां खत्म नहीं हुआ । वह लावा अभी वहां मौजूद है । और उस लावा को रखने की जिम्मेदारी इस सरकार पर है । मैं 370 की ज्यादा तफसील में न जाते हुए सिर्फ चन्द वाकयात की याद दिलाना चाहता हूं । 1947 में जब पाकिस्तान ने तकसीम के बाद फौजी तौर पर हमला किया, उस हमले में हमलावर आये बड़े इस्लामी नारे लगते हुए, कुरान हाथ में लिए हुए, अल्लाहोअकबर के नारे लगाते हुए और बराये रास्त मुसलमानों को अप्रोच करते हुए कि हम भी मुसलमान हैं, मुसलमानो, तुम हमारा साथ दो । लेकिन जम्मू काश्मीर के मसलमानों ने उन का साथ नहीं दिया । बल्कि उस वक्त यह फैसला किया कि हम हिन्दुस्तान के साथ रहेंगे । इस वास्ते जनाब आला कि हमारा हमारा एक नजरिया था । हमने एक उसूल के लिए जंगे आजादी लड़ी थी । हम ने बापू से कुछ चीज सीखी थी जो कि हम समझते थे कि सिर्फ हिन्दुस्तान में पनप सकती है, पाकिस्तान में जा कर नहीं पनप सकती । हम ने, जम्मू काश्मीर के रहने वालों ने देश के दूसरे हिस्से में रहने वाले लोगों के साथ इलहाक किया था, उस की तरफ हाथ बढ़ाया था । लेकिन उस के बाद पता नहीं क्यों और किस तरह यह चीजें चलीं कि पीपुल्स ऐक्सेशन जो था, ऐक्सेशन पीपुल टु पीपुल वह लीडर टु लीडर हो गया और सिर्फ यह बातें कही गयीं, वह बातें मानी गईं, वह बातें सोची गईं, जो लीडर्स ने आकर लीडर से कहीं । वहां के लोग क्या कहते रहे, वह क्या चाहते रहे, उस के मुताल्लिक बहुत कम ध्यान रहा । अगर यह लीडर्स टु लीडर्स बात न होती, किसी शख्स की ह्लिम को उस के जेह नी उलझाव को, उस को खुश करने को कांस्टीट्यूशन में यह चीज न रखी जाती तो उस वक्त यह ख्याल करती लीडरशिप कि क्यों अब्दुल अजीज मास्टर मुजफ्फराबाद में मरा, क्यों शेरवानी शहीद हुआ, क्यों हमारे सैकड़ों भाई पाकिस्तानी फौजों के हाथों शहीद हुए ? लेकिन वह ख्याल नहीं रखा गया । अगर हमें लिमिटेड ऐक्सेशन करना होता और फिर पाकिस्तान के साथ सारी उम्र खुद जा कर के रहना होता, अपने बच्चों को वैसे ही छोड़ना होता तो हम उस वक्त हिन्दुस्तान के जय का नारा नहीं लगाते । हम उस वक्त भी कह सकते थे कि हम काश्मीर में अलग रह सकते हैं । आलरेडी महाराजा हरी सिंह कह चुके थे कि स्टैंडस्टिल ऐग्रीमेंट रहेगा और हम पाकिस्तान के भी साथ रहेंगे और हिन्दुस्तान के साथ भी रहेंगे । लेकिन हमारा फैसला यह था कि हम बड़े मुल्क का हिस्सा बनना चाहते हैं । और में कोई रिजर्वेशन नहीं रखना चाहते । मगर बदकिस्मती से उस वक्त की लीडरशिप जो थी, शेख अब्दुल्ला की उस ने यहां की लीडरशिप को कहा कि तुम यह करो, ऐसा करो । उन्होंने लोगों की ख्वाहिशात को एक तरफ करते हुए लीडरों की सुनी और बाकायदा 370 रख दिया गया, और हमारे लिए कहा गया कि तुम लोगों का एक खास मुकाम रखा गया है । वह क्या खास मुकाम है यह आज तक भी मैं नहीं समझ पाया सिवाय इस के कि जो हिन्दुस्तान की जम्हूरियत का अक्स कहीं पड़ सकता था वह पड़ा अगर कहीं तो लीडरों की शेरवानी पर । लोगों तक नहीं पहुंचा । आज अगर वहां

जम्मू में या काश्मीर में कोई शख्स हिन्दुस्तान के मुताल्लिक शक करता है तो डी०आई०आर० आप का उस को चाहे मुजरिम कहे, आप का कानून जेल में उस को डाल दे लेकिन मैं समझता हूं कि वह बेगुनाह है, मासूम है क्योंकि हिन्दुस्तान की सही इमेज जो है वह उस तक नहीं पहुंची। हिन्दुस्तान की जम्हूरियत आम ने उस तक नहीं पहुंचने दी। उस में कहीं 370 रखा और कहीं दिल्ली एग्रीमेंट रखा, कहीं कुछ रखा, कहीं कुछ रखा, उस की वजह से आप ने वहां जम्मू काश्मीर के गरीब आदमी को हिन्दुस्तान की संस्कृति, हिन्दुस्तान की सभ्यता, हिन्दुस्तान की जम्हूरियत के कदमों से दूर रखा। वह सिर्फ इतना जानते हैं कि शेख अब्दुल्ला ही हिन्दुस्तान है, वही जो करेगा, करेगा। उस के बाद बख्शी गुलाम मोहम्मद जो करेगा, वही होगा। अब सादिक साहब जो करेंगे वह होगा। इन्स्ट्रुमेंट आफ ऐक्सेशन चीफ मिनिस्टर या प्राइम मिनिस्टर है।

इन चीजों के होते हुए आज कम्युनिस्ट पार्टी अगर लाइन बदले तो उस में कोई नयी बात नहीं है। पिछली दफा प्रोफेसर हीरेन्द्र मुकर्जी के ख्यालात सुन कर और आज वह सब सुन कर मुझे ताज्जुब हुआ। पहले वह बहुत तेजी से और बड़ी शिद्दत से इस की हिमायत करते थे। आज वह बिल्कुल वहां तक पहुंच गए हैं कि अगर 56 से आगे भी जाना पड़े और मेरा ख्याल है कि ताशकन्द ऐग्रीमेंट या किसी और वजह से कुछ आगे जाना पड़े तो वह कह देंगे कि श्रीनगर भी दे दो, कोई बात नहीं है। लेकिन जनाबवाला, पिछली बार भी मैं ने कहा था और इस दफा फिर वजीरे दाखिला से यह पूछना चाहूंगा कि यह 370 रखने में क्या उन के पास जवाजियत है ? अगर ऐसा है तो फिर प्लेबिसाइट मांगने वालों को क्या यह हक देंगे कि वह यह कहें कि काश्मीर की मर्जी से प्लेबिसाइट चाहते हैं ? क्या आप पाकिस्तान वालों को यह हक देना चाहते हैं कि वह पाकिस्तान के झंडे लहरायें और वहां जलसे करें ? अगर उन को यह हक नहीं देना चाहते हैं तो फिर मुझे बतायें कि 370 के रहते हुए हिन्दुस्तान पठानकोट के आगे कहां है ? 370 के रहते हुए जो भी ला बनायेंगे, कानून बनायेंगे, मैं ज्यादा डीटेल्स में नहीं जाना चाहता लेकिन हर एक के मुताल्लिक शुरू में यह होगा कि एक्सेप्ट जम्मू ऐंड काश्मीर। लोक सभा का डाइरेक्ट ऐलेक्शन कराने की बात कर रहे हैं। कहां वहां रीप्रेजेंटेशन आफ पीपुल्स ऐक्ट की गुंजाइश है ? जम्मू काश्मीर के कांस्टीट्यूशन में लोक सभा के ऐलेक्शन की कहां गुंजाइश है ? आप रीप्रेजेंटेशन एक्ट वहां लेकर जायेंगे, जम्मू काश्मीर के रीप्रेजेन्टेशन ऐक्ट से आपस में टकरा जायगा। आप वहां एक लाख पर एक ऐसेम्बली की सीट देना चाहेंगे। वह कहेंगे कि नहीं हमें तो 100 सीटें रखनी हैं। 370 रख कर आपने खुद वहां जद्दोजहद पैदा की। हर चीज जो बाकी देश में अच्छी हुई उस के मुकाबिले में कोई चीज वहां बुरी हुई तो आपने कहा कि बुरी भी अच्छी है, अच्छी भी अच्छी है, दोनों एक तरह चल सकती हैं। घोड़ा, बैल, और गधा सब एक रौ में जा सकते हैं। यह चीज नहीं चल सकती। इन्हीं चीजों की वजह से इस वक्त जनाब वाला, मैं इस मौके पर इस मोहतरिम ऐवान को बताना चाहता हूं, बिलखसूस होम मिनिस्टर से कहना चाहता हूं कि आप की इस डावांडोल पालिसी ने क्या हाल कर दिया है कि एक तरफ तो प्रो-इंडियन पावर्स जो हैं उन को दिन ब दिन धक्का लग रहा है। पिछली दफा श्री हीरेन्द्र मुखर्जी ने जो स्पीच किया और आटोनामस यूनिट का नारा दिया वहां के प्रो-पाकिस्तान एलीमेंट्स में वह स्पीच हीरेन्द्र मुखर्जी की आठ आने में साइक्लो-स्टाइल्ड कापी ब्लैक में बिकी और आज भी जो उन्हों ने कहा है वह वहां इसी तरह जायगी और उन के अन्दर इस ख्याल को मजबूत करेगी कि अब भी हमारे पाकिस्तान में आने की गुंजाइश है। और जो मिनिस्टर साहब जवाब देने वाले हैं वह भी गालिबन यही कहेंगे कि अभी समय नहीं आया है, मैं मूवर को कहूंगा

[श्री समनानी]

कि वह इसे वापस ले लें । यह सारी चीजें कर के आप ने वह माहौल बना दिया है कि इस वक्त प्रो-पाकिस्तान एलीमेंट जो हैं वह मजबूत होंगे और प्रो-इंडियन ऐलीमेंट जो हैं उस को दिन ब दिन धक्का लग रहा है ।

**16.00 hrs.**

आज काश्मीर और जम्मू आपस में अलग अलग होने की सोच रहे हैं । आज हर हालत में इधर जो रहने वाले हैं वह इस बात पर तंग आ चुके हैं कि आप को कभी लड़ना है, आप को कभी अटूट हिस्सा बनाना है, कभी कुछ करना है, खुदा के लिए हमें अलग कर दो, हिमाचल के साथ मिला दो, कहीं मिला दो लेकिन हम उन के साथ नहीं रहना चाहते हैं । काश्मीर की मुख्तलिफ इकाइयां जो हैं वह आज डिसइन्टीग्रेट हो रही हैं । इसे आप कर्णसिंह का फतवा न कहें, बल्कि यह वहां के लोगों के दिलों की आवाज है । आज जम्मू का कोई आदमी 36 लाख में से 16 लाख आबादी जो है वह दूसरी 17 लाख आबादी के साथ नहीं रहना चाहती । वह अलग रहना चाहती है । ....(व्यवधान) ...। तो मैं अर्ज कर रहा, था जनाबवाला कि यह सारी जो खामियां हैं यह सारे कबाहत जो पैदा हो रहे हैं इन का एक इलाज है । ठीक है, मिजो पहाड़ियों का सवाल सामने आता है, उस पर आप ने गौर किया, नागाओं के सवाल पर गौर किया, कल काश्मीर के बारे में भी गौर करना पड़े जैसे कि ताशकन्द की बात हो रही है, उसमें शायद उस से कुछ ज्यादा भी जाना पड़े, मैं कहता हूं कि आप अगर नागाओं के मुताल्लिक सोच सकते हैं, मिजो के मुताल्लिक सोच सकते हैं तो काश्मीर के लिए भी सोचिए, पूंछ के लिये भी सोचिए जम्मू के लिए भी सोचिए, लेकिन आप यह तो बताइये कि वह आप का हिस्सा इस वक्त है या नहीं ? अगर वह आप का हिस्सा इस वक्त है तो फिर मुकम्मिल तौर पर उस को अपना हिस्सा बनाइए । यह 370, यह झंडा, यह डंडा, यह मंडा, यह सारी चीजें हटा दीजिए और उस को अपना हिस्सा बनाइए । जिस वक्त आप का पूरा अख्त्यार होगा कि आप उस के मुताल्लिक सोच सकते हैं उस वक्त आप सोचिए, कि इस बात पर थोड़ी आटोनामी होनी चाहिए, इतना डेवलपमेंट होना चाहिए, इतना यह होना चाहिए, इतना वह होना चाहिए, तब तो कोई बात है । इस वक्त वह आप का हिस्सा भी नहीं है । आईनी तौर पर भी नहीं है और कानूनी तौर पर भी नहीं है । हमारा हिन्दुस्तान के साथ इलहाक अटूट है यह कहते कहते तंग आ गये । इतने वर्षों से हम यह नारा लगाते लगाते कि हम हिन्दुस्तान का एक अटूट अंग हैं हमारा गला खुश्क हो गया लेकिन जिन के साथ हम आना चाहते हैं, लोग तो हमें साथ रखने के लिए तैयार हैं लेकिन हुकमरान कहते हैं अभी सोचने दो, अभी वाशिंगटन में क्या होगा, मास्को में क्या हुआ है, ताशकंद से क्या होने वाला है और कराची में उस का क्या रद्देअमल होगा । जनाबवाला मैंने पिछली दफा भी दरख्वास्त की थी और मैं आप की वसातत से आज फिर निहायत पुरजोर आवाज में गवर्नमेंट से यह दरख्वास्त करता हूं कि खुदा के लिए हमें उस नेक फैसले का जो कि निहायत दयानतदारी से हम ने लिया था, जो एक साथी के तौर पर हम ने फैहला लिया था कि हम इस महान् देश का एक हिस्सा बन कर रहना चाहते हैं उस की इतनी सजा न दी जाय जो कि मुजरिमों की भी नहीं होती । अब हम अगर हिन्दुस्तान में उस का एक हिस्सा बन कर रहना चाहते हैं तो उस की इतनी सजा मत दीजिए कि 18-19 साल से तलवार की धार पर लटकाए रक्खा है कि उधर गिरे या इधर गिरे, कभी इंडिपेंडेंट रहें, कभी पाकिस्तान में गए, कभी हिन्दुस्तानी बन गए तो कभी पाकिस्तानी बन गए, इस तमाम खतरे का सामना करते करते हमारी तो उम्र गुजर गयी लेकिन हमारे बच्चों को तो इस तजबजब में मत डालिए । हमारे बच्चों ने कोई गुनाह नहीं किया है ।

गुनाह अगर किया है तो हम ने किया है लेकिन हमारे बच्चों ने तो कोई गुनाह नहीं किया है । इस वास्ते इस काली दफा को जितनी जल्दी हो सकता है हटाया जाय । आज ही उस दफा को हटाना मंजूर किया जाय । उस के हटा जाने का फैसला अगर लिया जाता है तो कोई तूफान वहां आने वाला नहीं है और न ही कोई बगावत वहां आने वाली है । मास्को आप से रूठने वाला नहीं है । इस तरह की कोई भी बात होने वाली नहीं है । यह जो आप की फैसला न करने की एक कमजोरी की आदत हो चुकी है उस ने इस वक्त तक तबाह किया है और आगे भी करने वाली है । अगर आप ने इस बारे में मजबूती से फैसला नहीं किया तो जैसा मैंने पिछले बजट सैशन में कहा था वह लावा अभी मौजूद है और उसका नतीजा यह होने वाला है कि कश्मीर बंटेगा, जम्मू बंटेगा और पूंछ बंटेगा । वहां आग लगेगी और उस वक्त हम फायर ब्रिगेड लेकर उसे बुझाना चाहेंगे तो बुझा नहीं सकेंगे और उसके साथ हिन्दुस्तान जलेगा । मैं फिर अपील करता हूं कि इस सेक्शन को इसी वक्त आज ही मंसूख किया जाय ।

---

[شری سملانی (جموں اور کشمیر) :

اس دفعہ ۳۷۰ کو ھٹانے کے بارے میں دوسری دفعہ موقع آیا ھے - پہلی دفعہ بھی میں نے دفعہ ۳۷۰ کو نہ ھٹانے کی وجہ جاننی چاہی تھی - بجائے اس کے کہ میں کچھ کہوں کہ اس میں کیا جوازیت ھے - میں گورنمنٹ سے پوچھنا چاھتا ھوں کہ اس میں کیا جوازیت ھے کہ جب ایک طرف بڑے آئین سے بڑے بڑے ایوانوں میں - ھر جگہ یہ کہا جاتا ھے کہ کاشمیر ھندوستان کا ایک حصہ ھے تب دوسری طرف اس دفعہ کو آئین میں رکھنے کے لئے حکومت بضد ھے - ایسا کیوں ھے - میں آج تک اسے نہیں سمجھ پایا - اگر دفعہ ۳۷۰ اور اس کے ساتھ جو دوسری دفعیں ھیں انہیں پڑھا جائے تو اس سے صاف ظاھر ھو جاتا ھے کہ اس ۱۷-۱۸ سالوں میں جو لوگ اس سرحدی ریاست میں خلاف معمول حالات میں رھتے ھیں اور ھندوستان کے ساتھ رھنے کا دم بھرتے آئے ھیں ھم ان کو آج تک دھوکا دیتے رھے اور آئندہ ان کو دھوکا دینا چاھتے ھیں - ایک طرف سے آواز آتی ھے کہ آج بھی وہ نیگوشیبل ھے - آج بھی اس پر صلح ھو سکتی - دوسری طرف اگر وھاں کوئی کہے کہ اس کے متعلق فیصلہ کرو تو ان کو جیل کی کوٹھریوں میں ڈالا جاتا ھے - اگر گورنمنٹ آف انڈیا کو یہ نیگوشیشن رکھنے کا حق ھے تو پھر حق دیجئے مزو اور ناگالینڈ کی طرح کشمیر والوں کو کہ وہ بھی لڑائی پر اتریں - کیونکہ ملک کا یہ ماحول بن چکا ھے - میں نے پچھلے سال بھی بجٹ سیشن میں بولتے ھوئے یہ کہا

[شری سملانی]

تھا اور اس وقت صاف لفظوں میں کہا تھا کہ وہ لاوا جو کشمیر میں ابھرا ہے کل جب پھٹے گا تو آپ سے سنبھالا نہیں جائے گا - اس کا چھوٹا سا نمونہ ۸ ستمبر میں آپ نے دیکھا - وہ لاوا وہاں ختم نہیں ہوا - وہ لاوا ابھی وہاں موجود ہے - اور اس لاوے کو رکھنے کی ذمہ داری اس سرکار پر ہے - میں ۳۷۰ کی زیادہ تفصیل میں نہ جاتے ہوئے صرف چند واقعات کی یاد دلانا چاہتا ہوں - ۱۹۴۷ میں جب پاکستان نے تقسیم کے بعد فوجی طور پر حملہ کیا اس حملے میں حملہ آور آگے بڑھے اسلامی نعرے لگاتے ہوئے - قرآن ہاتھ میں لئے ہوئے - اللہ اکبر کے نعرے لگاتے ہوئے اور برائے راست مسلمانوں کو اپروچ کرتے ہوئے کہ ہم بھی مسلمان ہیں - مسلمانو تم ہمارا ساتھ دو لیکن جموں کشمیر کے مسلمانوں نے ان کا ساتھ نہیں دیا - بلکہ اس وقت یہ فیصلہ کیا کہ ہم ہندوستان کے ساتھ رہیں گے - اس واسطے جناب والا ہمارا یک نظریہ تھا - ہم نے ایک اصول کے لئے جنگ آزادی لڑی تھی - ہم نے باپو سے کچھ چیز سیکھی تھی جو کہ ہم سمجھتے تھے کہ صرف ہندوستان میں پلپ سکتی ہے - پاکستان میں جا کر نہیں پلپ سکتی - ہم نے جموں کشمیر کے رہنے والوں نے دیکھیں کے دوسرے حصے میں رہنے والے لوگوں سے الحاق کیا تھا - ان کی طرف ہاتھ بڑھایا تھا - لیکن اس کے بعد پتہ نہیں کیوں اور کس طرح یہ چیزیں چلیں کہ پیپلز ایکسپریشن جو تھا - ایکسپریشن پیپل تو پیپل وہ لیڈر تو لیڈر ہو گیا اور صرف وہ باتیں کہی گئیں وہ باتیں مانی گئیں وہ باتیں سوچی گئیں جو لیڈرز نے آکر لیڈرز سے کہیں - وہاں کے لوگ کیا کہتے رہے - وہ کیا چاہتے رہے - اس کے متعلق بہت کم دھیان رہا - اگر یہ لیڈر تو لیڈر بات نہ ہوتی - کسی شخص کی وہم کو - اس کے ذہنی الجھاؤ کو - اس کو خوش کرنے کو کانسٹیٹیوشن میں یہ چیز نہ رکھی جاتی تو اس وقت یہ خیال کرتی لیڈرشپ کہ کیوں عبدالعزیز ملسنگر مظفرآباد میں ہوا - کیوں شیروانی شہید ہوا - کیوں ہمارے سینکڑوں بھائی پاکستانی فوجوں کے ہاتھوں شہید ہوئے - لیکن وہ خیال نہیں رکھا گیا - اگر ہمیں سیپریٹ ایکسپریشن کرنا ہوتا اور پھر پاکستان کے ساتھ - ساری عمر خود جا کرکے رہنا ہوتا - اپنے بچوں کو ویسے ہی چھوڑنا ہوتا تو ہم اس وقت ہندوستان کی جے کا نعرہ نہ لگاتے - ہم اس وقت بھی کہہ سکتے تھے کہ ہم کشمیر میں الگ رہ سکتے ہیں -

آلریڈی مہاراجہ ہری سنگھ کہہ چکے تھے کہ سٹینڈ سٹل ایگریمنٹ رہے گا اور ہم پاکستان کے بھی ساتھ رہیں گے اور ہندوستان کے بھی ساتھ رہیں گے - لیکن ہمارا فیصلہ یہ تھا کہ ہم بڑے ملک کا حصہ بننا چاہتے ہیں اور اس میں کوئی ریزرویشن نہیں رکھنا چاہتے ہیں- مگر بدقسمتی سے اس وقت کی لیڈرشپ جو تھی - شیخ عبداللہ کی اس نے یہاں کی لیڈرشپ کو کہا کہ تم یہ کرو- ایسا کرو- انہوں نے لوگوں کی خواہشات کو ایک طرف کرتے ہوئے لیڈروں کی سنی اور باقاعدہ ۳۷۰ رکھ دیا گیا - اور ہمارے لئے کہا گیا کہ تم لوگوں کا ایک خاص مقام رکھا گیا ہے - وہ کیا خاص مقام ہے یہ آج تک بھی میں نہیں سمجھ پایا سوائے اس کے کہ جو ہندوستان کی جمہوریت کا عکس کہیں پڑ سکتا تھا وہ پڑا اگر کہیں تو لیڈروں کی شیروانی پر - لوگوں تک نہیں پہنچا - آج اگر وہاں جموں میں یا کشمیر میں کوئی شخص ہندوستان کے متعلق شک کرتا ہے تو - ڈی - آئی - آر - آپکا - چاہے آپ اسکو مجرم کہیں - آپ کے قانون سے جیل میں اسکو ڈال دیا جائے گا - لیکن میں سمجھتا ہوں کہ وہ بےگناہ ہے - معصوم ہے کیونکہ ہندوستان کی صحیح اسپرٹ جو ہے وہ اس تک نہیں پہنچی - ہندوستان کی جمہوریت آپ نے اس تک نہیں پہنچنے دی - اس میں کہیں ۳۷۰ رکھا- کہیں دہلی ایگریمنٹ رکھا- کہیں کچھ رہا کہیں کچھ رکھا - اس کی وجہ سے آپ نے وہاں جموں کشمیر کے غریب آدمی کو ہندوستان کی سنسکرتی - ہندوستان کی سبھیتا - ہندوستان کی جمہوریت کے قدموں سے دور رکھا - وہ صرف اتنا جانتے ہیں کہ شیخ عبداللہ ہی ہندوستان ہے - وہی جو کرے گا - اس کے بعد بخشی غلام محمد جوکرے گا کرے گا - اس کے بعد وہی ہوگا - اب صادق صادق صاحب جو کریں گے وہی ہوگا- انسٹرومنٹ آف ایکسیشن چیف منسٹر یا پرائم منسٹر ہیں -

ان چیزوں کے ہوتے ہوئے آج کمیونسٹ پارٹی اگر لائن بدلے تو اس میں کوئی نئی بات نہیں ہے- پچھلی دفعہ پروفیسر ہرین مکھر جی کے خیالات سن کر اور آج یہ سب سن کر مجھے تعجب ہوا - پہلے وہ بڑی تیزی سے اور بڑی شدت سے اس کی حمایت کرتے تھے - آج وہ بالکل وہاں تک پہنچ گئے ہیں کہ اگر ۵۶ سے آگے بھی جانا پڑے اور میرا خیال ہے کہ تاشقند ایگریمنٹ یا کسی اور وجہ سے کچھ آگے جانا پڑے تو وہ کہہ دینگے کہ شرینگر بھی دے دو ۔ کوئی بات نہیں ہے ۔ لیکن جناب والا - پچھلی بار بھی میں نے کہا تھا اور اس بار پھر وزیر داخلہ

[ شری سملانی ]

سیکشن رکھنی ہیں - ۳۷۰ رکھ کر آپ نے خود وہاں جد و جہد پیدا کی - ہر چیز جو باقی دیش میں اچھی ہوئی اس کے مقابلے میں کوئی چیز وہاں بری ہوئی تو آپ نے کہا کہ بری بھی اچھی ہے - اچھی بھی اچھی ہے - دونوں ایک طرح چل سکتی ہیں - گھوڑا بیل اور گدھا سب ایک رو میں جا سکتے ہیں - یہ چیز نہیں چل سکتی ہے - انہیں چیزوں کی وجہ سے اس وقت چلاب والا - میں اس موقعے پر اس محترم لیڈران کو بتانا چاہتا ہوں - بالخصوص ہوم منسٹر سے کہنا چاہتا ہوں کہ آپ کی اس ڈانوا ڈول پالیسی نے کیا حال کر دیا ہے کہ ایک طرف تو پرو انڈین پاورز جو ہیں ان کو دن بدن دھکا لگ رہا ہے - پچھلی دفعہ شری ہرین مکھرجی نے جو اسپیچ کیا اور اوٹونومس یونٹ کا نعرہ دیا وہ وہاں کے پرو پاکستان ایلیمنٹس میں وہ اسپیچ ہرین مکھر جی کی اٹھ آنے میں سائکلوسٹائل ہوکر بلیک بکی اور آج بھی جو انہوں نے کہا ہے وہ وہاں اس طرح جائے گی اور ان کے اندر اس خیال کو مضبوط کرے گی کہ اب بھی ہمارے پاکستان میں جانے کی گنجائش ہے اور جو منسٹر صاحب جواب دینے والے ہیں وہ بھی غالباً یہی کہیں گے کہ

سے یہ پوچھنا چاہونگا کہ یہ ۳۷۰ رکھنے میں کیا جوازیت ان کے پاس ہے - اگر ایسا ہے تو پھر پلیبیسٹ فرنٹ والوں کو کیا یہ حق دیں گے کہ وہ یہ کہیں کہ کشمیر کی ویلی میں پلیبیسٹ چاہتے ہیں - کیا آپ پاکستان والوں کو یہ حق دینا چاہتے ہیں کہ وہ پاکستان کے جھنڈے لہرائیں اور وہاں جلسے کریں - اگر ان کو یہ حق نہیں دینا چاہتے ہیں تو پھر مجھے بتائیں کہ ۳۷۰ کے رہتے ہوئے ہندوستان پٹھانکوٹ کے آگے کہاں ہے - ۳۷۰ کے رہتے ہوئے جو بھی لا بنائینگے - قانون بنائیں گے میں زیادہ تفصیل میں نہیں جانا چاہتا لیکن ہر ایک کے متعلق شروع میں یہ ہوگا کہ ایکسیپٹ جموں اینڈ کشمیر -

لوک سبھا کا ڈایریکٹ ایلیکشن کرانے کی بات کر رہے ہیں - کہاں وہاں ریپریزنٹیشن آف پیپل ایکٹ کی گنجائش ہے - جموں کشمیر کے کانسٹیٹیوشن میں لوک سبھا کے ایلیکشن کی کہاں گنجائش ہے - آپ ریپریزنٹیشن ایکٹ وہاں لیکر جائیں گے تو جموں کشمیر کے ریپریزنٹیشن ایکٹ سے وہ ٹکرا جائے گا - آپ وہاں ایک لاکھ پر ایک اسمبلی کی سیٹ دینا چاہیں گے - وہ کہیں گے کہ نہیں ہمیں تو ۱۰۰

ابھی سے نہیں آیا ہے - میں مرو کو کہیں گا کہ وہ اسے واپس لے لیں - یہ ساری چیزیں کرکے آپ نے وہ ماحول بنا دیا ہے کہ اس وقت پرو پاکستانی ایلیمنٹ جو ہیں وہ مضبوط ہوں گے اور پرو انڈین ایلیمنٹ جو ہیں ان کو دن بہ دن دھکا لگ رہا ہے -

16 hrs.

آج کشمیر اور جموں آپس میں الگ الگ ہونے کی سوچ رہے ہیں - آج ہر حالت میں ادھر جو رہنے والے ہیں اس بات پر تنگ آ چکے ہیں کہ آپ کو کبھی لڑنا ہے - آپکو کبھی اٹوٹ حصہ بنانا ہے - کبھی کچھ کرنا ہے - خدا کے لئے ہمیں الگ کر دو - ہماچل کے ساتھ ملا دو - کہیں ملا دو لیکن ہم ان کے ساتھ نہیں رہنا چاہتے ہیں - کشمیر کی مختلف اکائیاں جو ہیں وہ آج ڈس انٹیگریٹ ہو رہی ہیں - اسے آپ کرن سنگھ کا فتوی نہ کہیں بلکہ یہ وہاں کے لوگوں کے دلوں کی آواز ہے - آج جموں کا کوئی آدمی ۳۶ لاکھ میں سے ۱۶ لاکھ آبادی جو ہے وہ دوسری ۱۷ لاکھ آبادی کے ساتھ نہیں رہنا چاہتی - وہ الگ رہنا چاہتی ہے . . . (انٹرپشن) تو میں عرض کر رہا تھا جناب والا - کہ یہ ساری خامیاں ہیں - یہ سارے کواسمٹ جو پیدا ہو رہے ہیں - ان کا ایک علاج ہے - ٹھیک ہے مزید پہاڑیوں کا سوال سامنے آتا ہے - اس پر آپ نے غور کیا ناگاؤں کے سوال پر غور کیا - کل کشمیر کے بارے میں بھی غور کرنا پڑے - جیسے کہ تاشقند کی بات ہو رہی ہے - اس میں شائد اس سے کچھ زیادہ بھی جانا پڑے - میں کہتا ہوں کہ آپ اگر ناگاؤں کے متعلق سوچ سکتے ہیں مزو کے متعلق سوچ سکتے ہیں - تو کشمیر کے بارے میں بھی سوچئے - پونچھ کے لئے بھی سوچئے - جموں کے لئے بھی سوچئے لیکن آپ یہ بھی تو بتائیے کہ وہ آپکا حصہ اس وقت ہے یا نہیں - اگر وہ آپ کا حصہ اس وقت ہے تو پھر مکمل طور پر اس کو اپنا حصہ بنائیے - یہ ۳۷۰ - یہ جھنڈا - یہ ڈنڈا - یہ ملڈا - یہ ساری چیزیں ہٹا دیجئے اور اس کو اپنا حصہ بنائیے - جس وقت آپکا پورا اختیار ہوگا کہ آپ اس کے متعلق سوچ سکتے ہیں اس وقت آپ سوچئے کہ اس بات پر تھوڑی لوٹونمی ہونی چاہئے - کتنا ڈیویلپمنٹ ہونا چاہئے - کتنا یہ ہونا چاہئے کتنا وہ ہونا چاہئے تب تو کوئی بات ہے -

اس وقت وہ آپ کا حصہ بھی نہیں ہے - آئینی طور پر بھی نہیں ہے اور قانونی طور پر بھی نہیں ہے - ہمارا ہندوستان کے ساتھ الحاق اٹوٹ ہے یہ کہتے کہتے تنگ آ گئے - انیس برسوں سے ہم یہ نعرہ لگاتے لگاتے کہ ہم ہندوستان کا ایک اٹوٹ انگ ہیں ہمارا گلا خشک ہو گیا لیکن جن کے ساتھ ہم آنا چاہتے ہیں - لوگ تو

[ شری سملانی ]

ہمیں ساتھ رکھنے کے لئے تیار ہیں لیکن حکمران کہتے ہیں ابھی سوچنے دو - ابھی واشنگٹن میں کیا ہوگا - ماسکو میں کیا ہوا ہے - تاشقند سے کیا ہونے والا ہے اور کراچی میں اس کا کیا ردعمل ہوگا - جناب والا میں نے پچھلی دفعہ بھی درخواست کی تھی اور میں آپ کی وساطت سے آج پھر نہایت پرزور آواز میں گورنمنٹ سے یہ درخواست کرتا ہوں کہ خدا کے لئے ہمیں اس ٹھیک فیصلے کا جو نہایت ہی ابتداؤں سے ہم نے لیا تھا جو ایک ساتھی کے طور پر ہم نے فیصلہ کیا تھا کہ ہم اس مہان دیش کا ایک حصہ بن کر رہنا چاہتے ہیں اس کی اتنی سزا نہ دی جائے جو کہ مجرموں کو بھی نہیں ہوتی - اب ہم اگر ہندوستان میں اس کا ایک حصہ بن کر رہنا چاہتے ہیں تو اس کی اتنی سزا مت دیجئے کہ ۱۸-۱۹ سال سے تلوار کی دیوار پر لٹکائے رکھا ہے کہ ادھر گرے یا ادھر گرے کبھی انڈیپینڈنٹ رہیں کبھی پاکستان میں گئے - کبھی ہندوستانی بن گئے تو کبھی پاکستانی بن گئے - اس تمام خطرہ کا سامنا کرتے کرتے ہماری تو عمر گزر گئی لیکن ہمارے بچوں کو تو اس تذبذب بچاؤں میں مت ڈالئے ہمارے نے کوئی گناہ نہیں کیا ہے - گناہ اگر کیا ہے تو ہم نے کیا ہے لیکن ہمارے بچوں نے تو کوئی گناہ نہیں کیا ہے - اس واسطے اس کالی دفعہ کو جتنی جلدی ہو سکتا ہے ہٹایا جائے - آج اس دفعہ کو ہٹوانا منظور کیا جائے - اس کے ہٹائے جانے کا فیصلہ اگر لیا جاتا ہے تو کوئی طوفان وہاں آنے والا نہیں ہے اور نہ ہی کوئی بغاوت وہاں آنے والی ہے - ماسکو آپ سے روٹھنے والا نہیں ہے - اس طرح کی کوئی بھی بات ہونے والی نہیں ہے - یہ جو آپ کی فیصلہ نہ کرنے کی ایک کمزوری کی عادت ہو چکی ہے اس نے اس وقت تک تباہ کیا ہے اور آگے بھی کرنے والی ہے - اگر آپ نے اس بارے میں مضبوطی سے فیصلہ نہیں کیا تو جیسا میں نے پچھلے بجٹ سیشن میں کہا تھا وہ لوگ ابھی موجود ہیں اور اس کا نتیجہ یہ ہونے والا ہے کشمیر بھگیگا - جموں بھگیگا اور پونچھ بھگیگا - وہاں آگ لگیگی اور اس وقت ہم فائر برگیڈ لیکر اسے بجھانا چاہینگے تو بجھا نہیں سکینگے اثر اور اس کے ساتھ ہندوستان جلیگا - میں پھر اپیل کرتا ہوں کہ اس سیکشن کو اس وقت آج ہی منسوخ کیا جائے -

---

16.03½ hrs.

## THE DELHI SECONDARY EDUCATION BILL

### Report of Joint Committee

**Shri Sonavane** (Pandharpur): Sir, I beg to present the Report of the Joint Committee on the Bill to provide for